e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, रविवार, 24 मई 2020, ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष द्वितीया, संवत् 2076 विक्रमी वर्ष-13, अंक-219, पृष्ठ-8, मूल्य- ₹ 2.00, नगर संस्करण

DNA डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट

शब्द शब्द संघर्ष

RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18

तापमान	
अधिकतम	39.00
न्यूनतम	28.00
डिग्री सेल्सियस में	
सूर्योदय	05:15 बजे
सूर्यास्त	06:52 बजे

डीएम पहुंचे राधा स्वामी सत्संग व्यास, प्रवासियों का जाना हाल

लखनऊ। जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश शनिवार को मोहनलालगंज स्थित राधा स्वामी सत्संग व्यास पहुंचे। यहां पर 134 लोगों को क्वारंटीन किया गया है। डीएम ने क्वारंटीन किए गए लोगों से बातचीत की। इन लोगों में विदेश से भारत लौटे लोग भी शामिल हैं, जिन्हें यहां पर रखकर निशुल्क भोजन व अन्य सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही हैं। लोगों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए जीवनशैली को उत्तम बनाने के विषय में विस्तार से जानकारी भी दी और सेंटर में निरंतर अपनी सेवा दे रहें केन्द्र व्यवस्थापक, चिकित्सक, पैरा मेडिकल स्टाफ व लगातार ड्यूटी पर रहे लोगों का ताली बजाकर अभिनंदन भी किया। इस दौरान नोडल अधिकारी जयशंकर दुबे, एसडीएम पल्लवी मिश्रा, व्यास प्रबन्धक जितेन्द्र खन्ना समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

कोविड -19 पर आयोजित हुआ वेबिनार

लखनऊ। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज ने शनिवार को बिल्डिंग न्यू लीडरशिप कैपेबिलिटीज पोस्ट कोविद 19 पर एकेडेमीया इंडस्ट्री इंटरफेस के साथ एक सीएक्सओ वेबिनार का आयोजन किया। बदलती वास्तविकताएं विशेष रूप से कोविद 19 के बाद पर गहन चर्चा हुई। प्रख्यात अतिथि वक्ताओं डॉ. सीएम द्विवेदी मुख्य मानव संसाधन अधिकारी ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, डॉ. संजय मुथाल सीईओ कोंटेम्पोर लीडरशिप सॉल्यूशंस एंड सर्विसेज निहार रंजन घोष, रूही पांडे गोदरेज हाउसिंग फाइनेंस एंड गोदरेज फण्ड मैनेजमेंट, डॉ. रजत ग्रोवर जीएम एंड हेड बिजनेस ह्यूमन रिसोर्स के रूप फ्लूटरोन इंडिया कार्यरत हैं ने वेबिनार के पैनेलिस्ट की भूमिका निभाई । स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ के निदेशक प्रो. डॉ. मनोज मेहरोत्रा ने सभी पैनलिस्टों का स्वागत किया और संस्थान की उपलब्धियों के बारे में बताया।